व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार परामर्श

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों द्वारा रोजगार सहायता के लिए संपर्क करने वाले आवेदकों को सतत् व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, इस प्रयोजन हेतु प्रदेश के समस्त जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों को लक्ष्य दिया जाता है। जिसके अंतर्गत इच्छुक आवेदकों को निम्न माध्यमों से व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है-

- व्यक्तिगत संपर्क द्वारा मार्गदर्शन
- पंजीयन के समय मार्गदर्शन
- सामूहिक परिचर्चा के माध्यम से रोजगार बाजार की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराना
- नियोजक संस्थानों के अंतर्गत उपलब्ध प्रशिक्षण एवं शिक्षुता (Apprenticeship) संबंधी मार्गदर्शन।
- कैरियर वार्ता एवं कैरियर सम्मेलन के माध्यम से मार्गदर्शन
- विभिन्न प्रदर्शनी के माध्यमों से मार्गदर्शन
- विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कैरियर परिचर्चा/सम्मेलन के माध्यम से मार्गदर्शन।
- विभागीय वेबसाइट https://erojgar.cg.gov.in के माध्यम से मार्गदर्शन।

कैरियर/व्यावसायिक मार्गदर्शन के अंतर्गत कार्यः-

क्र.	कार्य	लाभान्वितों की संख्या (वर्ष 2023)
1.	व्यक्तिगत संपर्क द्वारा मार्गदर्शन	87352
2.	पंजीयन के समय मार्गदर्शन	206387
3.	सामूहिक वार्ताओं के माध्यम से मार्गदर्शन	25454
4.	व्यावसायिक सूचना प्राप्त करने वाले आवेदकों की संख्या	6636
5.	शैक्षणिक संस्थाओं की संख्या जहाँ व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया	221